मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति
बिहार सरकार

संख्या–cm-441
04/12/2019

मुख्यमंत्री ने पिपरा में क्रियान्वित योजनाओं का किया निरीक्षण, उद्घाटन एवं शिलान्यास

पटना, 04 दिसम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने जल–जीवन–हरियाली यात्रा के क्रम में अरेराज प्रखण्ड के आदर्श ग्राम पंचायत, पिपरा में क्रियान्वित जनकल्याणकारी योजनाओं का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के क्रम में 1,25,34000 (एक करोड़ पच्चीस लाख चौंतीस हजार) रूपये की लागत से बनने वाले पंचायत सरकार भवन का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने जल–जीवन–हरियाली अभियान के तहत परिसर में नवनिर्मित जलाशय एवं मनरेगा पार्क का भी उद्घाटन किया। साथ ही पंचायत सुविधा केंद्र के माध्यम से लोक सेवाओं के अधिकार अधिनियम के तहत उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में भी जानकारी हासिल की। मुख्यमंत्री ने पंचायत में ठोस द्रव्य अपशिष्ट प्रबंधन हेतु तैयार किए गए वाहनों का अवलोकन किया।

आदर्श पंचायत पिपरा के भ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत ड्रिप सिंचाई का अवलोकन किया एवं स्थानीय किसानों से उनके अनुभव को जाना। मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित डंपिंग यार्ड में कार्यरत स्वच्छाग्रहियों से भी बातचीत की।

इस मौके पर मुख्यमंत्री के साथ लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री सह पूर्वी चम्पारण के प्रभारी मंत्री श्री विनोद नारायण झा, सहकारिता मंत्री श्री राणा रणधीर सिंह, विधायक श्री राजू तिवारी, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पांडेय, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, सूचना एवं जन–संपर्क विभाग के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******